## खबर संक्षेप

### सीएम राईज स्कूल निवास में टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई



**मण्डला।** टीबी हारेगा देश जीतेगा 2025 तक संपूर्ण भारत वर्ष में टीबी मुक्त भारत की मुहिम चलाई जा रही है। इसी श्रृंखला में मध्यप्रदेश के 23 हाई प्राईयोरिटी डिस्ट्रिक्ट में मंडला जिला के अंतर्गत निवास ब्लॉक में विभिन्न गतिविधि के माध्यम से टीबी मुक्त भारत अभियान चलया जा रहा है। लोगों को विभिन्न गतिविधि के माध्यम से घर घर तक आशा, सीएचओ, एएनएम द्वारा टीबी मुक्त भारत के संकल्प को दोहराया जा रहा है। सीएम राइज स्कूल निवास में 100 दिवसीय निक्षय अभियान के अंतर्गत उपस्थित प्राचार्य, शिक्षकगण सहित लगभग 800 छात्र छात्राओं को टीबी मुक्त भारत मध्यप्रदेश की शपथ दिलाई गई। साथ ही स्कूल में प्रार्थना प्रांगण में टीबी हारेगा देश जीतेगा की बात कही गई। सभी उपस्थित छात्र छात्राओं को टीबी के लक्षण, जांच, उपचार के साथ विभिन्न इंडिकेटर डीबीटी, एक्सरे, गतिविधि और जन जन तक, पंक्ति के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति तक जानकारी पहुंचाने और लोगों को टीबी के संदेश का प्रसारण करने और जन सहयोग की अपील की गई।

## नगर परिषद निवास पर दुकानदारों का हल्लाबोल

# पहले दुकान दे फिर छोड़ेंगे कब्जा

*** छोटे दुकानदारों की आड़ में बड़े खेल रहे खेल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



निवास नगर परिषद के छोटे दुकानदारों ने नगर परिषद का घेराव कर जमकर नारेबाजी की, सड़क किनारे जमे टपरों और अन्य अतिक्रमण हटाने को लेकर होने वाले प्रस्ताव की खबर मिलते ही उक्त छोटे दुकानदार नगर परिषद कार्यालय पहुंच गए।

ज्ञात हो कि जब भी परिषद द्वारा दुकानों का निर्माण किया गया तो इनको लेने में बड़े व्यापारी ही सफल हुये हैं वहीं नीलामी की राशि ज्यादा होने से छोटे दुकानदार दुकान मालिक नहीं बन सके और इस मजबूरी में ये सभी जहाँ भी जितनी जगह मिली वहीं से अपनी दुकानदारी चला रहे हैं और अब इस स्थिति में इन्हें बेदखल करने की जानकारी मिलते ही ये परिषद की कार्यशैली से नाराज हो गये।

### विरोध के बीच खुली परिषद की पोल

उक्त सभी दुकानदारों ने यह भी आरोप लगाया कि परिषद के जिम्मेदार दैनिक राजस्व वसूली की रसीद नहीं दे रहे। दुकानदारों का आरोप है कि नगर परिषद में बैठे लोगों को छोटे दुकानदार के टपरे ही दिखाई दे रहे हैं, अगर हटाने की कार्रवाई करना है तो सारे अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए परिषद लंबे समय से नेताओं के जो पक्के निर्माण कर किराये पर दे रखे हैं, उस पर चुप्पी साध रखी है। छोटे दुकानदारों ने सीएमओ से बताया कि सप्ताह में एक दिन बाजार वसुली की रसीद दी जाती है जबकि वो प्रतिदिन पैसा दे रहे हैं।

### प्रस्ताव के पहले ही विरोध

विपक्षी पार्षदों का आरोप है कि नगर परिषद के द्वारा गरीबों पर कार्यवाही की जाती है। ताकतवर लोगों के लिए सब माफ है बताया गया कि 22 जनवरी को परिषद की बैठक है जिसमें उन अतिक्रमणों को हटाने का प्रस्ताव लाया जायेगा जहां निकाय द्वारा विकास निर्माण होना है। दूसरी तरफ कुछ महत्वपूर्ण स्थलों में हुए अतिक्रमण है उसे हटाने पर विचार किया जाजगा। विपक्षी आरोप पर सत्ताधारी दल के लोग कह रहे हैं कि छोटे दुकानदारों का इस्तेमाल कर कुछ लोग अपने अवैध कब्जा बचाते आ रहें हैं, जो निष्पक्ष जाँच का विषय है यही वजह है कि जब भी अतिक्रमण पर कार्यवाही की बात आती है छोटे दुकानदारों को आगे कर तहसील या नगर परिषद का घेराव करा दिया जाता है।

निवास के सोसल मीडिया में हर दूसरे दिन सड़क में लग रहे जाम को लेकर चर्चा होती है लेकिन नगर परिषद इस पर खामोश है मुद्दे की बात यह है कि नगर परिषद व्दारा अभी तक बाजार क्षेत्र को तरीके से विकसित नहीं किया गया है हाट-बाजार बीच सड़क में संचालित हो रही है मॉडल सड़क कहने को बनी यहां सब्जी बाजार संचालित हो रही है ऐसा कोई उपाय नहीं सोचा गया है जिसमें छोटे-छोटे दुकानदारों को समुचित तरीके से दुकान दी जाए। कथित नामचीन लोग कब्जा कर दुकान बना चुके हैं फिर बेरोजगार युवक जाएं तो जायें कहाँ क्योंकि बची तो सिर्फ सड़कें ही है।

## मनोहर चाय की बात ही अलग है-नपा अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंगलवार को उपनगर महाराजपुर में मनोहर चाय कैंटीन का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने किया। इस दौरान अखिलेश कछवाहा उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद मण्डला, सोनू भलावी अध्यक्ष जनपद पंचायत मण्डला, संदीप सिंगौर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मण्डला, कैलाश डहेरिया अध्यक्ष वनवासी कल्याण आश्रम बिछिया मण्डला, सुधीर कसार-वरिष्ठ पत्रकार, जोरावर सिंग पूर्व जिला पंचायत सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता मण्डला, कमलेश तेकाम उपाध्यक्ष जिला पंचायत, विनय मिश्रा वरिष्ठ समाजसेवी, जगत मरावी सदस्य जिला पंचायत एवं समाजसेवी, रितेश राय-पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मण्डला, जयदत्त झा सांसद प्रतिनिधि मण्डला, नीरज अग्रवाल अध्यक्ष पत्रकार परिषद मण्डला मुख्य रूप से उपस्थित रहे। श्री कछवाहा ने शुभारंभ के अवसर पर चाय की चुस्की लेते हुए कहा कि मनोहर चाय की बात ही अलग है। इस चाय में गुड के साथ सौंढ़, अदरक, इलाइची का स्वाद मिलता है। उन्होंने संचालकों को बधाई दी और कहा कि पूरे देश दुनिया में चाय के दिवानों की कमी नहीं है चाय हमे स्फूर्ति देती है और तरोताजा रखती है। इस दौरान अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया और उन्हें कैटींन का भ्रमण भी कराया गया एवं मनोहर चाय की खासीयत के बारें में विस्तार से बताया गया। भारत में तो चाय को लेकर एक जुनून है और मनोहर चाय के नाम से ही चाय पीने की तलब सी पैदा हो जाती है। सामाजिक समरसता का भी उदाहरण है चाय क्योंकि क्या गरीब क्या अमीर क्या राजा क्या प्रजा और क्या नेता और क्या अभिनेता सभी चाय के तलबगार हैं। कैंटीन का शुभारंभ उपनगर महाराजपुर के बजरंग चौंक स्थित संगम मार्ग में किया गया है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी एवं सामाजिक जन भी पहुंचे और उन्होंने नवीन प्रतिष्ठान प्रारंभ करने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान श्रीमति उमा यादव, शीतल वैष्णव, अंशुल अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल, आनंद करोसिया, सौरभ कच्छवाहा सुमित कच्छवाहा प्रशांत नेमा आकाश रघुवंशी शुभम अग्रवाल अर्पित गोस्वामी सुरेंद्र गोस्वामी सौरव यादव संदीप कार्तिकेय अवधेश चौरसिया, दीपक ठाकुर सहित क्षेत्री नगरवासी उपस्थित रहे।

## नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में जनजागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कल 21.1.2025 को नेहरू युवा केंद्र मण्डला, पुलिस विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान मे जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के कुशलतम मार्गदर्शन मैं नेहरू युवा केंद्र मंडला के तत्वाधान में ललित धुर्वे यातायात थाना प्रभारी, सीआर जंघेला कार्यक्रम पर्यवेक्षक नेहरू युवा केंद्र मंडला के कुशलतम नेतृत्व में नेहरू युवा केंद्र मण्डला के स्वयंसेवकों एवं शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मण्डला की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव, राजेश क्षत्री पूर्व एनएसएस प्रभारी, प्रवीण अग्रवाल वर्तमान एनएसएस प्रभारी, मातेश्वरी परस्ते शिक्षका जेआर बघेल, अनुराग राय नेहरू युवा केंद्र से, लिबाजी उइके प्रधान आरक्षक, अंजना इवरनती एवं सोनम चीचाम महिला आरक्षक ने यातायात सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा जन जागरूकता रैली नगर के प्रमुख मार्गो बैगा बेगी चौक, रेडक्रॉस, चिलमन चौक, कृषि उपज मंडी, बस स्टैंड, लालीपुर चौराहा, स्टेट बैंक मण्डला से यातायात थाना तक आयोजित हुई। रैली का मुख्य उद्देश्य समस्त जनों को सड़क के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करना, चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट का प्रयोग करना, दो पहिया वाहनों में हेलमेट का प्रयोग करना, चौराहों पर लगे सिगनलों का ध्यान से पालन करना आदि।




## रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप महासंगम मेला नगरपालिका टाउनहॉल मण्डला में आयोजित हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय मंडला आईटीआई मण्डला एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मंडला द्वारा संयुक्त रूप से रोजगार युवा संगम का आयोजन नगर पालिका टाउनहॉल मण्डला में किया गया। जिसमें स्थानीय एवं निजी क्षेत्र की छह प्रतिष्ठित कंपनियां उपस्थित हुए जिसमें अलग अलग कंपनियों में 56 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन हुआ। रोजगार युवा संगम मेले में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं पार्षद जितेंद्र बर्वे द्वारा माँ सरस्वती जी का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एनके वास्कले, बलराम यादव प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, सहायक प्रबंधक प्रदीप जायसवाल, विकास मिश्रा, डीके साहू रोजगार कार्यालय, आईटीआई मंडला से आनंद मरावी ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर कुमारी वैशाली कामडे उद्यमिता अधिकारी एवं शितलेश खरे, शुभम दहिया प्रफुल्ल चौहान आदि उपस्थित रहे।

## कृषकों की मांग और विद्युत विभाग की अनसुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



सरकार कृषि और किसानों के हित में अनेकों योजनाओं को संचालित कर किसान व देश को शसक्त बनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन कुछ विभाग का रवैया सरकार के निर्देश व नीतियों के विरुद्ध चलकर अन्नदाता किसान को आंदोलन की राह चलने को मजबूर कर रहे हैं।

नगर परिषद निवास के वार्ड क्रमांक चार (आमाडौंगरी) में विगत चार दशकों से लगा ट्रांसफार्मर जो की तिरेसठ केवी का है किसानों द्वारा इसे सौ केवी में बदलने की माँग बरसों से चल रही है ताकि किसानों को सिंचाई आदि में सुविधा हो सके, लेकिन विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही से यह आज तक नहीं बदला गया, वर्तमान स्थिति यह है कि लो वोल्टेज की समस्या से किसानों की सिँचाई नही हो पा रही, किसानों ने बताया कि अनुभाग निवास जेई द्वारा हमेशा आश्वाशन ही दिया जा रहा है।

जिले के विभागीय अधिकारियों से किसानों की अपील है कि जल्द समस्या का निराकरण करे ताकि कृषक अपने खेतों में सिंचाई कर सकें।

***इनका कहना है:-***

*उक्त ट्रांसफार्मर को बदलने हमारे*

## आनंद उत्सव में मंडला प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन

**मण्डला।** आनंद उत्सव 2025 अंतर्गत जिला प्रशासन के द्वारा विभिन्न शासकीय विभागों के मध्य क्रिकेट स्पर्धा मंडला प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 18 जनवरी को जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में स्टेडियम ग्राउंड में किया गया है। टूर्नामेंट में सभी अनुविभाग, पुलिस, पंचायत, खेल विभाग एवं न्यायालय इत्यादि विभागों की टीम हिस्सा ले रही हैं। लीग टुर्नामेंट के फाइनल विजेता टीम के साथ पत्रकारगणों की टीम (हेडलाईन्स हिटर्स) एवं जनप्रतिनिधिगणों की टीम के साथ अंत में मैच आयोजित किए जाएंगे।

## आयोजन | प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता हो रहे शामिल

# मांद में आज होगा किसान न्याय आंदोलन

*** बिछिया विधायक नारायण पट्टा करेंगे कार्यक्रम का नेतृत्व।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण सिंह पट्टा के नेतृत्व में 4 दिसंबर 2024 से किसान न्याय महाभियान प्रारम्भ किया गया है। जिसके प्रथम चरण में ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों ने अलग अलग तिथियों में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे और घोषित समर्थन मूल्य देने की माँग की। इसके बाद दूसरे चरण में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धान खरीदी केंद्रों में किसानों को पम्पलेट देकर समर्थन मूल्य की लड़ाई लड़ने की जानकारी दी एवं गाँव-गांव पहुंचकर किसानों से किसान न्याय अधिकार पत्र भरवाये हैं। बिछिया विधानसभा में अबतक 25000 से अधिक किसान न्याय अधिकार भरे जा चुके हैं। कुल 30400 किसान न्याय अधिकार पत्र भरवाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इन सभी किसान अधिकार पत्रों को 22 जनवरी को आयोजित हो रहे किसान न्याय आंदोलन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष को सौंपा जायेगा जिसे मुख्यमंत्री तक भेजा जायेगा। महाभियान के तीसरे चरण में बिछिया विधानसभा के अंजनिया के समीप ग्राम मांद में आज 22 जनवरी को किसान न्याय आंदोलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जिले भर से लगभग 10 हजार किसान पहुंचने वाले हैं।

### प्रदेश अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष दिग्गज कांग्रेस नेताओं का हो रहा आगमन

बिछिया विधानसभा के ग्राम मांद में आज आयोजित हो रहे किसान न्याय आंदोलन में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का आगमन हो रहा है। जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी सहित कांग्रेस के 25 से अधिक विधायक सम्मिलित हो रहे हैं। इस वृहद आंदोलन को लेकर तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं। यह पहली बार है जब मण्डला में इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेतागण पहुंच रहे हैं। बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने जिले के किसानों से अधिक से अधिक संख्या में इस आंदोलन में सम्मिलित होने की अपील की है।

## जनसुनवाई में प्रभारी कलेक्टर ने की आवेदकों का त्वरित निराकरण की पहल

*** जनसुनवाई में आए 93 आवेदन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने जिला योजना भवन में संपन्न हुई जनसुनवाई में लोगों की समस्या सुनते हुए उनके समुचित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में 93 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। प्रभारी कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदनों की समीक्षा करते हुए कुछ आवेदनों को मौके पर ही निराकृत किया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए आवेदन की प्रकृति के आधार पर समय सीमा निर्धारित की गई। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने कहा कि सभी अधिकारी आवेदनों के निराकरण की केवल ऑपचारिकता न करें, बल्कि संवेदनशीलता से कार्य करते हुए प्रत्येक आवेदनों का सकारात्मक निराकरण करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, आशुतोष ठाकुर, मण्डला एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### मौके पर ही निराकृत हुए तीन दिव्यांगों के आवेदन

ग्राम सकवाह निवासी जमना प्रसाद कछवाहा, बंजारा टोला नैनपुर निवासी महासिंह मरकाम एवं अमगवां खरदेवरा निवासी सुकुम बाई ठाकुर ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए श्रवण यंत्र दिलाने की मांग की। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने तीनों आवेदनों का सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से निराकरण कर श्रवण यंत्र प्रदान किया। जनसुनवाई में तीनों आवेदकों का त्वरित निराकर हो जाने पर जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

**खबर संक्षेप**

## एक ही बैंक के भरोसे निर्भर होने से नहीं मिल पा रहा योजनाओं का लाभ

**सालीचौका।** जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को अनेक प्रकार की जनहितैषी योजनाएं चलाते हुए उनका भला किया जा रहा है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में शासन द्वारा बरती जा रही जरूरी चीजे उपलब्ध नही कराये जाने के कारण ग्रामीण जन इसका लाभ नही ले पा रहे है? जिसके प्रमुख रूप से देखा जावे तो सरकार द्वारा चलाई जा रही लगभग सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए हर व्यक्ति का बैक में खाता होना जरूरी है जिसके लिए कुछ राष्ट्रीयकृत बैकों को शामिल किया गया है। मगर सालीचौका में अभी तक न तो कोई बड़ी बैक की स्थापना हो पाई है और न हो कोई प्रयास होते हुये देखे जा रहे है संपूर्ण क्षेत्र की जिम्मेदारी यहां पर स्थिति मात्र एक छोटी यूको बैक के भरोसे ही चलते हुये देखी जा रही है जो क्षेत्रवासियों को अपने लेनदेने के लिये परेशान होते हुये देखा जाता है। जबकि देखा जावे तो सालीचौका से क्षेत्र में आधा सैकड़ो से भी अधिक गांव जुडे होने के साथ साथ यहां पर अनेक शुगर मिले, राईस मिलों के आलवा पुलिस थाना, हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल सहित शासकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र सहित रेलवे स्टेशन स्थापित है। मगर इसके बाद भी यहां पर संपूर्ण कार्य मात्र एक छोटी बैक के भरोसे संचालित होने के कारण लोगों को न तो समय पर शासन की योजनाओं को लाभ मिल पा रहा है और न ही क्षेत्रवासी अपना जरूरी लेनदेन कर पा रहे है।

## कैरोसिन न मिलने से गरीब परेशान, लकड़ी खरीदना हो रहा मुश्किल

**गाडरवारा।** वर्तमान हाईटेक दौर में हालॉकि शहर के घरों में खाना बनाने के लिए रसोई गैस का इस्तेमाल किया जा रहा है पर शहर की आबादी के बड़े हिस्से में गरीब बर्ग के लोग आज भी कैरोसिन ऱ्इंधन पर ही निर्भर है जो खाना बनाने के लिए मिट्टी के तेल का ही उपयोग कर रहे है। ज्ञातव्य है कि शहर में मिट्टी के तेल की सर्वाधिक खपत होती है, जिसके चलते नगर के गरीबों का कहना है कि इन दिनों अनेक गरीबों को सरकार के गैस कनेक्शन तो प्रदान किये गये है, मगर उनके भरोसे पूरे घर का खाना बन सके यह संभव नही है। इस स्थिति में जिन लोगों को शासन द्वारा गैस कनेक्शन प्रदान किये गये है उन्हें मिट्टी तेल देना बंद कर लिया गया है और जलाऊ लकड़ी के चल रहे भाव आसमान को छूते हुए दिखाई दे रहे है जो गरीबों द्वारा खरीद पाना मुश्किल जान पड रहा है तथा नगर में कैरोसिन की भी किल्लत है। क्योंकि अनेक गरीबों को शासकीय दुकानों से मिट्टी का तेल नही मिल पा रहा है, इस प्रकार से नागरिक खाद्य आपूर्ति विभाग की कैरोसिन के वितरण में कोताही बरतने का नतीजा है कि गरीबों को जरूरत के हिसाब से मिट्टी का तेल उपलब्ध नहीं हो रहा है।

## हर गांव में खेल मैदान बनाने की योजना कंहा हो गई गायब

**सांईखेडा।** केन्द्र सरकार कुछ वर्ष पूर्व शुरू की गई हर गांव मे खेल मैदान बनाने की योजना पायका के अंतर्गत यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो कागजों पर ही खेल मैदान बनकर तैयार होते हुये देखे जा रहे है, क्योंकि लगभग सात वर्ष पहले लागू हुई इस योजना के तहत अभी तक एक भी खेल मैदान नजर नही आ रहा है जो इस योजना से बनकर तैयार हुआ हो? जानकारी के अनुसार वर्ष 2008-09 मे केन्द्र सरकार द्वारा पंचायत युवा क्रीड़ा खेल अभियान पायका के तहत गॉवों मे खेल मैदान बनाने की योजना तैयार की गई थी, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों मे खेल गतिविधियों ओर खिलड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा केन्द्र सरकार के निर्देश पर 5 हजार से अधिक की जनसंख्या वाले गॉवों मे खेल मैदान बनाए जाना था। सिखाएॅगे खेल के गुर-चिन्हित ग्राम के सरकारी स्कूलों मे खेल मैदान तैयार किए जाने थे, जिनमे संविदा के आधार पर 500 रूपए प्रतिमाह पर एक प्रशिक्षक की भी नियुक्ति की होनी थी।

### मार्गो पर 24 घंटे बनी रहती है जाम की स्थिति, जान जोखिम में डालकर वाहन चालक मुश्किलों के बीच निकाल रहे अपने वाहन

# प्रशासन की अनदेखी चलते राष्ट्रीय राज्य स्तर मार्गो पर गन्ना ट्रेक्टरों का कब्जा






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** हर वर्ष देखने मिलता है कि जब किसानों के गन्ना को सीजन शुरू होता है तो क्षेत्र के राष्ट्रीय स्तर के माने जाने वाले मुख्य मार्ग गाडरवारा से करेली व गाडरवारा से पिपरिया के आलवा सांईखेड़ा से झिकोली की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित शुगर मिलों के सामने जिस तरह जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस सच्चाई को प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम जहां क्षेत्र के लोगों को अपनी जिन्दगी दांव पर लगाने के लिये मजबूर होना पड़ता है तो दूसरी ओर इस जाम के चलते आये दिन घटित होने वाली घटनाओं के चलते लोग बेमौत मारे जाते है..? मगर समय रहते हुये इस ओर न तो प्रशासन द्वारा कोई कदम उठाया जाता है और नही शुगर मिल के प्रबंधको द्वारा कोई उचित प्रबंध किये जाते है जिसका परिणाम क्षेत्र से निकलने वाले वाहन चालको सहित आवास निवास करने वाले लोगों को भोगने के लिये मजबूर होना पड़ता है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय राज्य स्तरीय मार्ग करेली से गाडरवारा होते हुये बनखेड़ी जाने के दौरान तीन शुगर मिल इस मार्ग के ठीक बाजू में संचालित हो रही है। मगर इन मिलों की व्यवस्थाएं बनाने को लेकर मिल प्रबंधको द्वारा बरती जा रही कोताही व प्रशासन की अनदेखी का परिणाम है कि आमजन को परेशान होते हुये देखा जाता है तो दूसरी ओर सच्चाई पर गौर किया जावे तो गाडरवारा का जबलपुर से लेकर भोपाल की ओर जाने वाले मार्ग से संपर्क टूटा हुआ दिखाई देने से नही चूकता है...? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। बताया जाता है कि गाडरवारा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत कौडिया व सालीचौका के पास तथा समीपस्थ सांईखेड़ा से झिकोली मार्ग के पास संचालित होने वाली शुगर मिल जिस तरह राष्ट्रीय राज्य मार्ग के ठीक किनारे होने की स्थिति में इस समय इन मिलों में अपना गन्ना लेकर पहुंचने वाले किसानों द्वारा गन्ने से लदे हुये ट्रेक्टर ट्रालियों को मुख्य मार्ग के किनारे ही खड़ा करने की मजबूरी बनी हुई है। इस स्थिति के चलते जहां इस मार्ग पर दिन भर जाम की स्थिति बनी हुई दिखाई देना आम बात बन चुकी है। इस वर्ष कौड़िया के पास तो कुछ सुधार देखने मिल रहा है। क्योंकि मुख्य मार्ग के दोनों ओर खड़े रहने वाले इन गन्ना से लदे हुये ट्रेक्टर ट्राली के बीच से जब कोई बड़ा वाहन निकलता है तो उसे सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देने के कारण दूसरी ओर दूसरा वाहन भी प्रवेश कर जाता है। इस स्थिति में दोनों वाहन बीच में फंस जाने के कारण कई घंटो तक जाम लगने से नही चूकता है। क्योंकि भारी भरकम वाहनों को पीछे की ओर ले जाना भी आसान नही होता है और गन्ने से लदे हुये ट्रेक्टर ट्रालियों को हटाना भी संभव नही होने के कारण इस मार्ग से निकलने वाले वाहन चालकों को जहां परेशानियों का सामना करते हुये देखा जाता है। इतना ही नही भयानक स्थिति उस समय निर्मित होने से नही चूक पाती है जब कोई वाहन या फिर एम्बुलेंस किसी मरीज को इलाज हेतु ले जा रहा होता है या फिर गाडरवारा चिकित्सालय से जिला चिकित्सालय हेतु रेफर किये जाने वाले मरीज को ले जाने वाली एम्बुलेंस इस जाम में फंस जाती है तो मरीज का भगवान ही मालिक होता है? कभी कभी हाल इस तरह देखने मिला है कि इस जाम के बीच यदि कोई छोटा वाहन का चालक या फिर मोटर साईकिल चालक निकलने का प्रयास करते है तो वह दुर्घटना का शिकार होते हुये अपनी जिन्दगी से भी हाथ धोना पड़ता है? इस प्रकार की स्थिति हर वर्ष निर्मित होते हुये देखी जाती है इस सच्चाई को संपूर्ण प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी जानते हुये जहां नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होता है तो दूसरी ओर इस मार्ग से यदि कोई लम्बा सफर करने वाला वाहन परिवार के साथ निकल रहा होता है तो उसे भूखे प्यासे अपनी परिजनों के बीच खड़ा रहने के जिये मजबूर होते हुये देखा जाता है। जबकि नियम के अनुसार शुगर मिल में गन्ना लेकर पहुंचने वाले किसानों के ट्रेक्टर ट्रालियों को सुरक्षित जगह उपलब्ध कराने की जिम्मेदार शुगर मिल प्रबंधन की होती है। मगर उनके द्वारा किसी प्रकार की व्यवस्थाएं उपलब्ध नही कराये जाने के कारण किसानों को मजबूरी बस मुख्य मार्ग पर भी अपने गन्ने से भरे हुये ट्रेक्टर ट्राली खड़े करने पड़ रहे है। इस तरह शुगर प्रबंधन की लापरवाही व जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के चलते क्षेत्र के लोग जहां लगतार परेशान होते हुये देखे जा रहे है? इस तरह देखा जावे तो गाडरवारा से करेली की ओर जाने वाले व्यक्ति को जहां कौडिया व करेली के पास चलने वाली शुगर मिल के जाम के बीच से निकलना पड़ता है। यह बात अलग है कि कौड़िया के पास इस बार व्यवस्था में कुछ सुधार देखने मिल रहा है? इसी प्रकार से गाडरवारा से बनखेड़ी की ओर जाने वाले व्यक्ति को सालीचौका के पास स्थित शुगर मिल के जाम का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। इसी प्रकार से साईखेड़ा से उदयपुरा की ओर जाने वाले मार्ग का हाल देखने मिल रहा है। यदि इन मार्गो से कोई बाहरी व्यक्ति भोपाल से जबलपुर की ओर यात्रा कर रहा है तो उसे गाडरवारा क्षेत्र की तीन शुगर मिलों के पास लगने वाले इस जाम से निकलने में पूरा दिन ही लग जाता है। इतना ही नही रात के समय तो स्थिति और भयानक रूप धारण करते हुये देखी जाती है जब कोई बाहरी व्यक्ति जब अपने परिवार के साथ निकल रहा होता है तो इस जाम में फंस जाने के कारण वह अपने आपको असुरक्षित महसूस करने से इसलिये नही चूकता है कि महिलाओं को यहां पर मौजूद रहने वाले मनचलों की छिटाकशी का शिकार तक होना पड़ता है? इस प्रकार हर वर्ष निर्मित होने वाली इस समस्या की ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान न देना निश्चित तौर से जहां स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों की उदासीनता का प्रमाण उजागर होने से नही चूक पा रहा है? जबकि अधिकारियों को शुगर मिल प्रबंधन को अपने मिले शुरू करने के पहले ही यह आदेश जारी करना चाहिये थे कि वह मिलों में गन्ना लेकर पहुंचने वाले किसानों के ट्रेक्टरों को खड़ा करने के लिये मुख्य मार्ग से हटकर प्रबंध कराये..? मगर जिम्मेदार अधिकारियों उदासीनता को देखते हुये यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शायद उन्हें आमजन की जिन्दगी से कोई लेना देना ही नही रह गया है?

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए किसान पंजीयन 31 मार्च तक, गाडरवारा तहसील क्षेत्र में निर्धारित किये गये केन्द्र

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए किसान पंजीयन का कार्य 20 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक किया जायेगा। इसके लिए उत्पादित फसल गेहूं के पंजीयन का कार्य करने के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले में 67 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। इस सिलसिले में गाडरवारा तहसील के अंतर्गत पंजीयन केन्द्र सहकारी विपणन संस्था मर्यादित खुलरी हेतु विपणन सहकारी समिति मर्यादित खुलरी को



पंजीयन स्थल, पंजीयन केन्द्र सहकारी विपणन संस्था मर्यादित गाडरवारा हेतु विपणन सहकारी समिति मर्यादित गाडरवारा को पंजीयन स्थल, पंजीयन केन्द्र वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था गाडरवारा हेतु वृहताकार सेवा सहकारी संस्था गाडरवारा को पंजीयन स्थल, पंजीयन केन्द्र सेवा सहकारी संस्था कामती, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था गोटीटोरिया, सेवा सहकारी संस्था चीचली, सेवा सहकारी संस्था सीरेगांव, सेवा सहकारी संस्था बाबई कलां, सेवा सहकारी संस्था पचामा, वृहता सेवा सहकारी संस्था करपगांव को पंजीयन स्थान, पंजीयन केन्द्र सेवा सहकारी समिति मारेगांव हेतु सेवा सहकारी समिति मारेगांव केन्द्र क्रमांक एक को पंजीयन स्थान, पंजीयन केन्द्र प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बोहानी, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित चिर्रिया, सेवा सहकारी संस्था कोड़िया, सेवा सहकारी समिति सहावन, सेवा सहकारी समिति मर्यादित डुंगरिया, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सूरना, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित हर्रई- गाडरवारा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शाहपुर- गाडरवारा, सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिल्हैटी और सेवा सहकारी समिति मर्यादित इमझिरी को को पंजीयन स्थल बनाया गया है। इसी प्रकार से सांईखेड़ा तहसील के अंतर्गत पंजीयन केन्द्र सेवा सहकारी संस्था खुर्सीपार, सेवा सहकारी संस्था आड़ेगांव, सेवा सहकारी संस्था रमपुरा, सेवा सहकारी संस्था बनवारी, सेवा सहकारी संस्था तूमड़ा, सेवा सहकारी संस्था सासबहू, सेवा सहकारी संस्था नांदनेर, सेवा सहकारी समिति पीपरपानी और सेवा सहकारी समिति मर्यादित मडगुला को पंजीयन स्थल बनाया गया है। उक्त संस्थाएं गेहूं उपार्जन के लिए शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप किसान पंजीयन का कार्य करेंगी तथा किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर आवश्यक व्यवस्थाएं किया जाना सुनिश्चित करेंगी।

## सालीचौका क्षेत्र में धन की वर्षा के चलते खुलेआम चल रहा है मिट्टी का अवैध खनन से परिवहन का अवैध कारोबार, अधिकारियों की भूमिका पर खड़े हो रहे सबाल..?





हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। जहां एक ओर शासन ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा माफियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के आदेश जारी किये जा रहे है तो दूसरी ओर खुलेआम हो रहे शासकीय भूमि के अवैध उतखन्न को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों के साथ यहां के पेहरेदारों द्वारा चुप्पी साधते हुये सच्चाई को नजर अदांज किया जा रहा है वह निश्चित तौर से इन अधिकारियों कार्य प्रणाली को संरक्षण की मुद्रा में आने से नही चूक पा रही है...? क्योंकि क्षेत्र में देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से लगातार मिट्टी का अवैध खनन करते हुये लोगों द्वारा राजस्व को क्षति पहुंचाते हुये अपनी जेबे भरी जा रही है उसे प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किया जाना चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है..? इस बात की सच्चाई इस समय सालीचौका नही सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने मिल रही है जहां पर भूमाफियों द्वारा खुलेआम शासकीय भूमि से मिट्टी खुदाई कराते हुये जिस प्रकार से इस जहां तहां मौत का कुंआ बनाये जा रहें है उसके चलते क्षेत्रवासियों का भविष्य में खतरा पैदा करने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? बताया जाता है कि सालीचौका क्षेत्र सहित आसपास के गांवों में सरकारी भूमि सहित कुछ लोगों द्वारा निजी भूमि पर बड़े स्तर से मिट्टी का अवैध खनन करते हुये अन्य जगहों पर ट्रेक्टर ट्रालियों सहित डम्फरों के माध्यम से परिवहन किये जाने के बाद भी अधिकारियों की चुप्पी सबाल खड़े करने से नही चूक पा रही है वही दूसरी ओर सबाल यह पैदा हो रहा है कि कही ऐसा तो नही की इस अवैध कार्य के ल्रिये जक्ष्मी की वर्षा होने के चलते सच्चाई को नजर अंदाज किया जा रहा हो..? इस तरह शासकीय जमीन पर जेबीसी मशीन के माध्यम से जिस स्तर से मिट्टी की खुदाई करते हुये प्रतिदिन सैकड़ो ट्रेक्टरों के माध्यम से इस मिट्टी का परिवहन किया जा रहा है उसके चलते जहां तहां मौत के कुंआ नजर आने से नही चूक रहे है। वही स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि मिट्टी खनन वालो द्वारा न तो बिजली लाईनों की सुरक्षा का ध्यान रखा जा रहा है और न ही मुख्य मार्गो से लेकर क्रिसानों के खेतों का जिसके चलते बिजली लाईनों के खम्बे भी असुरक्षित दिखाई देने लगे है। इस तरह सालीचौका क्षेत्र में नियम विरूद्व मिट्टी खुदाई कराते हुये कुछ लोगों द्वारा इस मिट्टी का अवैध व्यापार किये जाने की चर्चाए सुनाई पड़ रही है? इस तरह कई फुट गहरी खुदाई करते हुये निकाली जा रही शासकीय सरकारी व निजी भूमि की मिट्टी के चलते जहां क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों सहित पशुओं की जिन्दगी को खतरा पैदा तो हो ही रहा है साथ ही साथ आम लोगों की जिन्दगी भी असुरक्षित दिखाई देने से नही चूक पा रही है? सालीचौका क्षेत्र में चल रहे मिट्टी के अवैध खनन के संबंध में तहसील स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों सहित खनिज विभाग के अधिकारियों को इस तरह चल त चल रहे अवैध खनन से अवगत कराते हुये पूछा गया कि आखिरकार इस तरह मिट्टी का अवैध खनन किसकी अनुमति से चल रहा है तो सभी अधिकारियों द्वारा अपनी ओर से अनविज्ञता जाहिर करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है? इस तरह धड़ल्ले ये चल रहे मिट्टी के अवैध खनन को लेकर अधिकारियों द्वारा अपनी ओर से अनविज्ञता जाहिर करने से यह बात उजागर होने से नही चूक पा रही है कि यह खुदाई अवैध रूप से चल रही है। मगर इसके बाद कार्यवाही न होना निश्चित तौर से अधिकारियों की भूमिका को कटघरे में खड़ा करने से नही चूक पा रही है? जबकि नियम के अनुसार बताया जाता है कि किसी भी प्रकार से सार्वजनिक मुख्य मार्ग के किनारे या फिर शासकीय संस्था के पास मिट्टी खनन करना नियम के विपरीत माना जाता है? मगर इसके बाद भी यहां पर चल रही मिट्टी की खुदाई को लेकर न तो स्थानीय स्तर के अधिकारियों द्वारा रोक लगाई जा रही है और न ही तहसील से लेकर जिला स्तर पर बैठे अधिकारियों सहित पुलिस के जिम्मेदारो द्वारा ज्रिसके चलते मिट्टी खनन होने के चलते खुदाई क्षेत्र बिकराल रूप धारण करते हुये मौत का कुंआ बनने से नही चूक पा रहा है? वही दूसरी ओर अधिसकारियों को इस सच्चाई से अवगत कराये जाने के बाद भी किसी भी प्रकार से इस अवैध खनन पर रोक लगाने संबंधी कार्यवाही न होना चर्चा का विषय बनने के साथ साथ यह सबाल खड़ा करने से नही चूक पा रहा है कि आखिकार इतने बडें स्तर पर मिट्टी का अवैध खनन किसके संरक्षण में चल रहा है ..?

## स्वर्णकार समाज ने अपने ज्ञापन के माध्यम से पुलिस को चौकाने वाली सच्चाई से कराया अवगत, सबाल यह कि आखिर किस तरह बदल लिया धर्म से लेकर समाज

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

निश्चित तौर से बीते हुये दिवस नगर के स्वर्णकार समाज द्वारा जिस सच्चाई को लेकर पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौपते हुये ज्रिस चौकाने वाली सच्चाई से अवगत कराया गया है वह चर्चा का व्रिषय बनने के साथ साथ नगर की सुरक्षा पर ग्रहण लगाने से नही चूक रही है..। वही लोगों के दिलों में एक ही सबाल पैदा हो रहा है कि आखिरकार कोई व्यक्ति हमारे नगर में रहते हुये इस तरह अपने धर्म से लेकर समाज को कैसे बदल सकता है...? इस तरह अपना धर्म व समाज बदलने के पीछे इस व्यक्ति के इरादों के पीछे कोई बड़ा भेंद तो नही छिपा है..? बताया जाता है कि बीते हुये द्रिवस स्थानीय स्वर्णकार समाज संगठन ने पुलिस थाने पहुंचकर नगर निरीक्षक के नाम एक ज्ञापन उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा को देते हुये नगर में अपनी गलत पहचान यानि की धर्म व समाज बदलते हुये नौकरी के लिए आवेदन देने वाले पर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एक विशेष धर्म का व्यक्ति बंगाल क्षेत्र से संबंधित जो कि पिछले 20 वर्षों से गाडरवारा नगर में रहते हुये जेवर पर पॉलिश



का काम करता है। इस तरह विशेष वर्ग का होने की सच्चाई सभी लोग जानते है। वही दूसरी ओर बीते हुये कई वर्षो से इस व्यक्ति को अपने धर्म विशेष के धार्मिक स्थलों पर आने जाने के साथ साथ धर्म विशेष के लोगों के बीच रहने के साथ साथ अन्य कार्यो में देखा भी गया है? मगर पिछले दिनों उसकी लड़की द्वारा नगर की एक सराफा दुकान पर काम करने के लिए जो आवेदन दिया है जिसमें उसने अपनी जाति का नाम बदलकर सोनी लिखा है जो कि सोनी जाति की नहीं है। इतना ही नही आरोप है कि युवती द्वारा अपने आवेदन में जाति के साथ साथ धर्म को भी परिवर्तित किया गया है। इस तरह जब दुकान सहित अन्य लोगों ने देखा किये युवती द्वारा दिये गये आवेदन में अपने धर्म के साथ साथ जाति में परिवर्तन किया गया है तो इस सच्चाई से दुकानदार भी हैरत में पड़ने से नही चूके और यह सच्चाई सोनी समाज के संगठन के बीच पहुंची तो उनके द्वारा मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये प्रशासन को अवगत कराने का न्रिर्णय लिया गया। इसी के चलते बीते हुये नगर के स्वर्णकार समाज द्वारा उप पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देते हुये मांग की गई है कि इस तरह नगर में लम्बे समय से अपने व्रिशेष धर्म के नाम से रहते हुये आखिरकार इसके परिजनों द्वारा अब अचानक अपने नाम व धर्म में परिवर्तन क्यों किया जा रहा है..? इस सच्चाई के पीछे क्या कारण छिपे हुये है इसकी जांच होना अति आवश्यक हो गया है। स्वर्णकार समाज द्वारा दुकान पर आवेदन देने वाली किशोरी सहित उसके परिवार के सदस्यों के संपूर्ण आधार कार्ड, वोटर आईडी सहित दस्तावेजों की जांच के साथ साथ इनके पूर्वजों व रिस्तेदारों की भी खोज करने की मांग उठाई जा रही है। वही स्वर्णकार समाज द्वारा उप पुलिस अधीक्षक को अपने ज्ञापन के साथ साथ वह आवेदन की काफी भी उपल्घ कराई गई है जो नौकरी प्राप्त करने के लिये द्रिया गया था। इस तरह नगर में पहली बार सामने आई सनसनी फैलाने वाली घटना चर्चा का विषय बनने के साथ साथ अनेक प्रकार के संदेहों को जन्म देने से नही चूक पा रही है..? वही लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा इस धर्म विशेष व्यक्ति की बारीकी से जांच की जाती है तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने के साथ साथ अनेक भेंद खुलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..?

## ग्रामीण सड़कों से निकल रहे भारी भरकम वाहनों के चलते टूट रही सड़क, आम लोगों की जान के लिए बना खतरा



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गांव गांव पक्की सड़कों का निर्माण तो किया जा रहा है, मगर वह सड़क निर्मित होने के चंद दिनों बात जिस प्रकार से टूट रही है उसका प्रमुख कारण एक है कि प्रभावशालियों के दौड़ रहे भारी भरकम डम्फरों की मार जहां यह सड़क सहन नही कर पा रही है। वही दूसरी ओर आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा पैदा होने से भी नही बच पा रहा है? क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों से जोड़ने के लिए जिस प्रकार से गांव गांव प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क व मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत जिन सड़को का निर्माण किया जाता है इन सड़कों को उसी गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए बनाया जाता है इन सड़कों से इस प्रकार के भारी वाहन तो निकलेगे ही नही सिर्फ किसानों के ट्रेक्टर ट्राली ही निकलेगे, मगर जिस प्रकार से इन ग्रामीण सड़को पर बड़े बड़े दस चाक वाले डम्फर दौड़ रहे है उसके चलते ग्रामीण सड़क चंद दिनों में ही टूटकर चकराचूर होने से नही बच पा रही है। जबकि गौर किया जावे तो बीते हुये कुछ वर्ष पहले तत्कालीन जिला कलेक्टर द्वारा भी इस प्रकार से ग्रामीण सड़को से भारी भरकम डम्फर के दौड़ने संबंध प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किये गये थें। तत्कालीन कलेक्टर द्वारा जारी किये गये आदेश में इस बात का उल्लेख किया गया था कि ग्रामीण क्षेत्र की सड़को पर वोर्ड स्थापित किये जावे जिसमें इस बात को उल्लेख किया जावे कि यह सड़क कितनी क्षमता के वाहनों का भार सहन कर सकती है उससे अधिक क्षमता के वाहनों को पूर्णरूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था। मगर वर्तमान समय में देखने मिल रहा है कि शायद जिला स्तर से लेकर स्थानीय स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों को इस बात से कोई लेना देना नही रह गया है ओर ग्रामीणों की सुविधाओं के लिये बनाई गई सड़को पर भारी भरकम स्थिति के दौड़ने वाले वाहनों को अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है। इस स्थिति के चलते जहां ग्रामीण सड़के लगातार टूटते हुये दिखाई दे रहे है।

**जन्मदिन उत्सव**
**पाठक सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# मुसामुंडी पंचायत में आनंद उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

डिंडोरी न्यूज-डिंडौरी



जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुसामुंडी में पंचायत भवन के सामने मंगलवार को मप्र सरकार के दिशा निर्देश पर आनंद उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।इस मौके पर स्कूल के छात्र छात्राओं तथा स्थानीय नागरिकों ने अलग अलग कबड्डी,खो खो, चम्मच दौड़,कुर्सी दौड़, रस्साकसी,मेंढक दौड़, वालीबॉल इत्यादि खेल में उत्साह से हिस्सा लेकर आयोजन को दिलचस्प बनाया जबकि स्कूली विद्यार्थियों ने कार्यक्रम स्थल के समीप खाने-पीने की सामग्री का स्टाल लगाकर वस्तुएं बेची। बताया गया कि कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया । सरपंच कपिल आर्मो ने बातचीत में बताया कि यह प्रदेश सरकार की अनूठी पहल हैं इससे न मानसिक तनाव खत्म होता हैं बल्कि समस्त ग्रामीण एक प्लेटफार्म पर जमा होकर अपने हुनर कौशल का निःसंकोच प्रदर्शन करते हैं।यह उनके जीवन में नवाचार करने जैसा है, यद्यपि इस प्रकार के कार्यक्रम से मानव के मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता हैं।

**ये रहें उपस्थित** -मुसामुंडी के आनंद उत्सव कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनपद सदस्य शशि हस्तपुरिया ग्राम पंचायत के सचिव गोपाल साहू ,भाजपा गोपालपुर मंडल अध्यक्ष वर्षा कुशराम, भाजपा नेता प्रदीप साहू, गणमान्य नागरिक ओमप्रकाश बघेल,भाजपा महिला मोर्चा ब्लाक अध्यक्ष शालिनी मरावी,जनपद सदस्य दिलीप चौबे लक्ष्मी तेकाम सरपंच मोहतरा, कुंती धुर्वे, ब्रिजेश तिवारी। पंचायत सचिव शबाना धुर्वे,सुपरवाइजर लीला ठाकुर लक्ष्मी बनावल ब्लाक कोर्डिनेटर खेल एवं युवा कल्याण विभाग अर्चना उपाध्याय, अमर लाल महोबे छोटे लाल मरावी छत्तर परस्ते समाजसेवी ललित बनावल नोडल जीतेंद्र अवधिया अरुणा महोबे,इनेश लाकड़ा, शिक्षक अजीत कुमार,सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### यातायात जागरूकता कार्यक्रम

**डिंडोरी। राष्ट्रीय** सडक सुरक्षा माह 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहे, जिसके अंतर्गत 21 जनवरी 2025 को थाना प्रभारी यातायात श्री सुभाष उईके एवं जिला परिवहन कार्यालय डिण्डौरी से श्री पंकज डेहरिया द्वारा युवा वर्ग को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने तथा यातायात के नियमों का पालन करने के लिये जागरूक किये जाने के उद्देश्य से मेकलसुता कालेज डिण्डौरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें यातायात प्रभारी डिण्डौरी श्री सुभाष उईके ने छात्र-छात्राओं को पम्पलेट वितरण कर यातायात के नियमों की जानकारी दी तथा जिन कमियों एवं लापरवाही के कारण अधिकांश सड़क दुर्घटनायें घटित होती है, उनके बारे में विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने भी अपनी शंकाओं को खुलकर सामने रखा, जिनका समाधान कर उन्हें सही जानकारी देते हुये,थाना प्रभारी यातायात ने छात्र-छात्राओं को नशे की लत से दूर रहने एवं ओव्हर स्पीड न चलने की समझाईश दी ।कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी यातायात श्री सुभाष उईके परिवहन कार्यालय से श्री पंकज डेहरिया एवं कालेज स्टाफ अपनी टीमों के साथ उपस्थित रहे ।

### जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन



**डिंडौरी ।** जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डिंडौरी में जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शासकीय आईटीआई डिंडौरी के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। रोजगार मेला जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने चयनित आवेदकों को कंपनी द्वारा प्रदत्त पत्र प्रदान किया। रोजगार मेले में आई 8 कंपनियों में भाग लेने के लिए कुल 108 आवेदक उपस्थित हुए जिनमें से कंपनियों के द्वारा 55 युवाओं का चयन किया गया। मेले में पुखराज हैल्थ केयर 05, आर्शीवाद माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड 03, स्मार्ट सिक्यूरिटी सर्विस 22, मां रेवा ट्रेक्टर्स 04, शिवशक्ति एग्रीटेक 05, एसआईएस अनुपपुर 02, जॉन डियर टेक्टर्स 10 और Aamdhane Private LTD( MRC Logistics& Trends electronics) में 04 आवेदकों का चयन किया।k

### मृत अवस्था में पड़ा मिला अधेड़ युवक का शव

**शहपुरा** - डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर में एक अधेड़ युवक की शव मिलने से नगर में सनसनी फैल गई,मिली जानकारी अनुसार एक अधेड़ युवक दशरथ बनवासी पिता नन्हेंलाल बनवासी उम्र 52 वर्ष वार्ड नंबर दो उमरिया रोड का निवासी बताया जा रहा है जो सोमवार की शाम शारदा चौक रोड तालाब के पास मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला सूचना के बाद तत्काल शहपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और शहपुरा पुलिस शव को अपने कब्जे में लेते हुए जानकारी दी, शहपुरा पुलिस शव का मर्ग कायम करते हुए पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।



# शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में निबन्ध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अमरपुर न्यूज। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत उच्च शिक्षा विभाग आदेशानुसार एवं संस्था प्राचार्य संदीप सिंह के मार्गदर्शन में प्रभारी डॉ. सीमा सस्त्या द्वारा 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2025 के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय महाविद्यालय अमरपुर के छात्र एवं छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान का विषय "वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम" निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप में भाग लिया गया। यह आयोजन में देवप्रकाश उईके, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. दीपक कुमार सिंगरौल, डॉ. कंचन ताम्रकार, जयदीप दुबे, प्रदीप कहार, सहजसिंह मरावी, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

## संविधान गौरव अभियान की संगोष्ठी का हुआ महाविद्यालय में आयोजन

# विधायक ने बच्चों से संविधान पर की विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज शहपुरा





संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत शासकीय स्नातक एवं आदर्श महाविद्यालय शहपुरा में आज विद्यार्थियों के साथ संगोष्ठी की गई। जिसका आयोजन भारतीय जनता पार्टी मंडल शहपुरा के तत्वाधान में क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आतिथ्य में किया गया। आयोजित संगोष्टी में 1 हजार से अधिक छात्र छात्राओं से संविधान पर विस्तृत चर्चा कि गयी। संगोष्ठी में मण्डल अध्यक्ष भजन दास चक्रवर्ती,जितेंद्र चंदेल, जिला संयोजक नितिन गुप्ता,राजेश साहू,अरुण अग्रवाल,रतन सोनी,हरिहरन रजक, भजन भागीदारी अध्यक्ष सतीश चौबे,नवीन विश्वकर्मा सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर उत्सव मनाने के लिए ''संविधान गौरव अभियान'' चलाया जा रहा है ।बीजेपी देशभर में संविधान गौरव अभियान के जरिए मोदी सरकार के कामों को गरीब, शोषित, वंचित वर्गों तक पहुंचाने का काम किया कर रही है। जिसके तहत 25 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। संविधान गौरव अभियान के माध्यम से भारतीय संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों का प्रचार किया जा रहा है और संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी जा रही है । अभियान के तहत 25 जनवरी तक अनुसूचित जाति, बुद्धिजीवी, महिला और युवा वर्ग, हॉस्टल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों से विशेष संपर्क कर संविधान के प्रति जागरूकता प्रसार एवं जनसभाओं का आयोजन किया जा रहा है । अभियान के समापन के दिन 25 जनवरी को भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ पर संविधान की प्रस्तावना पढ़ेंगे। आज आयोजित संगोष्ठी में शहपुरा विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा, कि संविधान हमारे लोकतंत्र की रीढ़ है और इसके प्रति जागरूकता फैलाना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इस संविधान गौरव अभियान का उद्देश्य संविधान के मूल सिद्धांतों को लोगों तक पहुंचाना और इसके प्रति सम्मान और गौरव की भावना जागृत करना एवं संविधान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें इसके महत्व को समझाना है, ताकि वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग हो सकें। विधायक धुर्वे ने बाबा साहिब भीम राव अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान पर पूरा सम्मान देकर ही देश को महान बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# जनकल्याण पर्व के तहत गांव-गांव में शिविरों का हुआ आयोजन

## शिविर के माध्यम से हितग्राहियों को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ



डिंडौरी न्यूज ।

युवा, किसान, महिला और गरीब वर्ग को केंद्रित कर शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन एवं आमजन तक शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मेंहदवानी जनपद पंचायत के तहत ग्राम पंचायत सारसडोली, पायली, जरहानैझर, तेंदुडीह, पडरीटोला में शिविरों का आयोजन किया गया। आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में हितग्राही हितलाभ लेने पहुंच रहे है। मेंहदवानी क्लस्टर में आयोजित जनशिविर शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आथित्य में संपन्न हुए। विधायक श्री ओम प्रकाश धुर्वे ने ग्राम पंचायत सारसडोली में 15वें वित्त एवं विधायक मद के 8 लाख एवं 7 लाख राशि की दो सीसी रोड का भूमिपूजन किया। ग्राम पंचायत पायली में 5 लाख रूपए की लागत की सीसी रोड का भूमिपूजन किया। विधायक श्री धुर्वे ने ग्राम पंचायत जरहानैझर में सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत कन्हारी में सीसी रोड एवं पडरीटोला में सीसी रोड और 69.42 लागत राशि की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना रोड का भूमिपूजन किया। इस दौरान विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने सम्बोधन में कहा कि हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए 45 विभागों की 63 विभिन्न सेवाओं को सुलभ रूप से पहुंचाने के लिए क्लस्टर आधारित अभियान चलाये जा रहे हैं। अब तक जिले में 50 हजार से अधिक आवेदन स्वीकार किये जा चुके है। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में किए जा रहे निर्माण कार्यों से ग्राम का विकास किया जा रहा है। कुछ ऐसे लोग भी है, जिन्हें योजना का लाभ किसी कारणवश नहीं मिला पाया है, उन्हें शिविर में निराकृत कर रहे है। चिन्हित समस्याओं को हल करने लक्ष्य बनाकर कार्य कर रहे है। विधायक श्री धुर्वे ने आयुष्मान कार्ड, वृद्धा पेंशन, मातृत्व वंदना योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, सम्बल कार्ड, प्रसूति सहायता आदि योजनाओं के सम्बन्ध में ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान विधायक श्री धुर्वे ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। आज आयोजित शिविरों में श्री नितिन गुप्ता,श्री सुदामा वर्मन, श्री बद्री साहू, श्री आनंदराम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और सम्बंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजित शिविरों में राजस्व, स्वास्थ्य, उर्जा, शिक्षा, कृषि, सहकारिता, कौशल विकास, जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित आवेदन स्वीकार किये गए। शिविरों में पंचायत विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभाग जन जन तक प्रशासन आपके द्वार की संकल्पना को पूरा कर रहे हैं।



# जलेगांव में तीन दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अमरपुर न्यूज।

जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत जलेगांव में स्थानीय कीड़ा समिति द्वारा तीन दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जोकि विगत दिवस सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबला खेला गया। अंतिम निर्णायक मैच जलेगांव टीम एवं थाना समनापुर टीम के बीच खेला गया। जिसमें थाना समनापुर की टीम विजय हासिल किया। जहां महिला, पुरुष एवं खेल प्रेमी भारी तादाद में मैच देखने देर रात्रि तक जमे रहे। जहां पर मैच के साथ ही परंपरागत लोक संगत नृत्य कर्मा, शैला का मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया जा रहा था। जहां समापन अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक डिंडौरी ओमकार सिंह मरकाम एवं बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच राय सिंह नेताम एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर सम्मिलित हुए। श्री मरकाम ने अपने उद्बोधन में सभी खिलाड़ियों से अपील करते हुए कहा कि खेलने के लिए स्वास्थ्य और स्वास्थ्य के लिए नशा का त्याग आवश्यक हैं। इसके साथ ही यह भी कहा कि वापसी में वाहन सावधानी पूर्वक चलाकर घर पहुंचने को कहा गया। वहीं पर श्री पट्टा ने कहा खेल से स्वास्थ्य एवं बुद्धि का विकास होता हैं। खेल के साथ भविष्य को देखते हुए पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताया। जहां प्रमुख रूप से घेवरी सरपंच राय सिंह मरकाम, कमकोमोहनियां सरपंच फूल सिंह मरकाम, पूर्व सरपंच केवल कृष्ण नेटी, सेवानिवृत्ति शिक्षक जगत सिंह मरावी, तोक सिंह मरावी, समनापुर थाना प्रभारी कुशराम। वहीं मंच का संचालन एवं खेल का आंखों देखा हाल सुनाने में उदय तेकाम एवं शिव कुमार ने भूमिका निभाई।



# शिक्षण संस्थाओं में मनाया संविधान दिवस

डिंडोरी न्यूज।

शिक्षण संस्थाओं में संविधान दिवस मनाया गया। प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिता हुईं तो विद्यार्थियों को इसका महत्व समझाया गया। छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि संविधान का आदर और इसके गौरवशाली प्रावधानों का गम्भीरता से पालन करना हम सभी का परम कर्तव्य है। ने संविधान की विशेषताओं एवं उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंडल अध्यक्ष शाहपुर अंकित गुप्ता ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जीवन चरित्र में प्रकाश डालते हुए उनके मुख्य विचारों के बारे में चर्चा की . भीमराव अम्बेडकर का दृष्टिकोण, उनकी विचारधारा मानववादी रही है। उनका उदेश्य शोषित, पीड़ीत एवं दलित समाज का विकास करना एवं उन्हें उनके मानव अधिकारों से सजग कराना एवं मानवीय अधिकार दिलाना था। उनके चिन्तन में स्वतंत्रता, समानता, बंधुता व न्याय के दर्शन होते है। कार्यक्रम में शाहपुर मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता संजय गुप्ता सकोप सिंह सैयाम भारत झरिया देवनायक गोपी बंजारा सोहन बर्मन विनोद गुप्ता नरेंद्र गुप्ता गिरधारी गुप्ता साहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव सिकल सेल रोकथाम के लिए चला रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज शहपुरा



जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल बरगांव सिकल सेल एनीमिया रोकथाम के लिए लगातार संपूर्ण क्षेत्र में अभियान चल रहा है इस अभियान के तहत मंगलवार को विकासखंड शहपुरा के ग्राम करौंदी एवं बाकी ग्राम में सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग की गई जिसमें लगभग 250 से अधिक बच्चों की सिकिल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग के लिए सैंपल लिए गए जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल बरगांव जनजाति क्षेत्र में लगातार सामाजिक उत्थान के कार्य कर रहा है जुलाई वर्ष 2024 सेल लगातार अब तक सिकल सेल एनीमिया रोकथाम के लिए 25000 से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग का कार्य किया जा चुका है जो अभी निरंतर जारी है विगत वर्ष प्रदेश के राज्यपाल महामाई मंगू भाई पटेल के द्वारा जनजाति कल्याण केंद्र पर गांव में सिकल सेल एनीमिया रोकथाम अभियान का शुभारंभ किया गया था एवं जनजाति कल्याण केंद्र पर गांव में सिकल सेल एनीमिया रोकथाम के लिए केंद्र भी स्थापित किया गया था जहां पर लगातार उक्त बीमारी की स्क्रीनिंग जांच एवं निरंतर इलाज की व्यवस्था भी की गई है मंगलवार को आयोजित कैंप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय सेवा प्रमुख राजकुमार मटाले ने प्रवास कर लोगों से जन संवाद किया सिकल सेल एनीमिया मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया इस दौरान जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल बरगांव के अध्यक्ष मनोहर लाल साहू विक्रम सिंह ज्ञानेंद्र सिंह एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा डॉक्टर स्वेता जैन डॉक्टर सत्येंद्र परस्ते डॉक्टर राजीव साहू सहित स्वास्थ्य विभाग एवं जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अधिक समय अवधि के चलते राकिम महासंघ की कार्यकारिणी भंग

**नरसिंहपुर।** गत दिवस राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के महाकौशल प्रांत अध्यक्ष रमाशंकर पटेल की अनुसंशा पर धनसिंह ठाकुर प्रांत महामंत्री द्वारा नरसिंहपुर जिले मे कार्यकर्ता जिला कार्यकारिणी को समयावधि अधिक हो जाने के कारण भंग किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकिम महासंघ द्वारा नवीन कार्यकारिणी शीघ्र ही गठित की जावेगी।

### जमींदार व जाट निर्वाचित

**नरसिंहपुर।** बीते दिवस जल उपभोक्ता संस्था में हुए चुनाव में नरेंद्र जमींदार बहोरीपार खुर्द अध्यक्ष जल उपभोक्ता संस्था नबलगांव एवं पूर्व सरपंच तुलसीराम धोरेलिया अध्यक्ष जल उपभोक्ता संस्था मैनावारी के लिए निर्वाचित घोषित किए गए। नवलगांव व मेनाबारी की जल उपभोक्ता संस्थान में निर्वाचित दोनों अध्यक्षों ने कहा कि वे किसानों के हित के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

### जनसुनवाई में आये 125 आवेदन



**नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 21 जनवरी को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 125 आवेदन आये।

### सीएम हेल्पलाइन में जिला ए-ग्रेडिंग पर

**नरसिंहपुर।** सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने में नरसिंहपुर जिले को मध्यप्रदेश में द्वितीय समूह ए ग्रेडिंग प्राप्त हुई है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा समय सीमा की बैठक और अन्य बैठकों में दिये गये निर्देशन में विभाग प्रमुख द्वारा सीएम हेल्पलाइन में संतुष्टि के साथ शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में माह दिसम्बर 2024 में कुल 5 हजार 180 शिकायतें प्राप्त हुईं थीं, जिनका 49.49 प्रतिशत संबंधित शिकायतकर्ता से संपर्क कर संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया गया। इसके अलावा 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 11.99 प्रतिशत, निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों का वेटेज 9.88 प्रतिशत, नॉन अटेंडेंट शिकायतों का वेटेज 9.97 प्रतिशत है। इस प्रकार कुल वेटेज स्कोर 81.33 प्रतिशत रहा और जिले ने द्वितीय समूह में ए ग्रेड प्राप्त किया।

### मारपीट करने वाले आरोपियों को सजा

**नरसिंहपुर।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती ऐश्वर्या जैन के न्यायालय द्वारा मारपीट करने वाले आरोपियों छुट्टू उर्फ करिया एवं डल्लू उर्फ डालचंद को धारा 323, 34 भादवि में दोषसिद्ध पाते हुये दोनों आरोपियों को न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 1000-1000 रुपये का पृथक पृथक अर्थदंड से दण्डित किया गया। फरियादिया की उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना की गई। मामले से संबंधित समस्त आवश्यक अनुसंधान पश्चात मामले के अभियोग पत्र को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपियों दंडित किया गया।

# अपर कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण दल को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

**कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स व जैविक मेला- 2025 का आयोजन पैलेस ग्राउंड बैंगलोर में 23 जनवरी से 25 जनवरी 2025 तक किया जायेगा।**

एक जिला- एक उत्पाद के अंतर्गत गाडरवारा की अरहर दाल व जैविक गुड़ का चयन किया गया है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिले के एफपीओएस, एनजीओएस, ऑगनाईजेशन, कम्पनी व प्रगतिशील कृषक और सम्मानित होने वाले अधिकारियों में नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक दुबे व प्रभारी आतिथ्य वैश्य मौजूद रहेंगे। अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण दल को कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन से रवाना किया। उक्त दल अंतरराष्ट्रीय मेला एवं कृषि की उन्नत तकनीकों को जानने व सीखने कर्नाटक राज्य में भ्रमण करेंगे। इस दौरान उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे, सहायक संचालक कृषि श्रीमती सीमा डेहरिया और भ्रमण दल में जाने वाले अधिकारी व कृषक मौजूद थे।



# बेटे की मौत के बाद न्याय के लिये भटक रही वृद्ध मां

## न्याय की गुहार लगा रहा पीड़ित परिवार, मुरारी की मौत की निष्पक्ष जांच की

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



जिले में शांति व कायम रखने के लिये पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे लेकिन जिले में अपराधों पर लगाम नही लग पा रहा है। लेकिन पुलिस के जिम्मेदार कर्मियों के कारण पुलिस की छवि भी धूमिल होती है तथा पीड़ति न्याय के लिये प्रशासन की चैखड़ पर ऐड़ियां रगड़ता रहा है। ऐसे ही एक मामले मे पीड़ति मां अपने बेटे की मौत के बाद न्याय की गुहार लगाती हुई प्रशासन के दर - दर पर भटक रही है लेकिन उसे केवल जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा आश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता है। उक्त मामले मे पीड़ति मां ने पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस मुख्यालय भोपाल में शिकायत कर निष्पक्ष जांच की मांग की।

### मामला इस प्रकार

बीते दिनों थाना क्षेत्र गोटेगांव नोन पिपरिया ग्राम निवासी युवक की मौत हो गई थी जिसे पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटना का प्रकरण तैयार कर कार्रवाई की गई। वही पीड़ति परिवार द्वारा हत्या होना बताया जा रहा है। जिसे लेकर परिजनों द्वारा निपष्क्ष की मांग की कार्रवाई के लिये गुहार लगाई जा रही है। परजिनों को कहना है कि गांव के ही लोगो द्वारा उनके बेटे के साथ आपसी विवाद के चलते मारपीट की गई जिससे उसकी मौत हो गई और पुलिस उसे सड़क दुर्घटना बता रही है। परिजनों द्वारा घटना के पूर्व अन्य विवाद की भी बात कही जा रही है। देखना होगा के पुलिस उक्त मामले मे क्या सच सामने लाती है।

### पुलिस के उच्च अधिकारियों से की शिकायत

बेटे मुरारी साहू की मौत की जाँच की माँग को लेकर पीड़ति माँ सावित्री बाई साहू ने जबलपुर जोन के पुलिस महानिरीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर अपने बेटे के साथ की गई मारपीट के मामले को गोटेगांव पुलिस द्वारा विवेचना में मोटरसाइकिल से दुर्घटना होने की जाँच कर न्यायालय के समक्ष मामला प्रस्तुत किये जाने के मामले में उच्च स्तरीय जाँच कर अपने बेटे मुरारी साहू की मौत के आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की माँग की है। आवेदन के माध्यम से पीड़ति माँ ने यह भी बताया कि गोटेगांव पुलिस के बाद पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर को दिए आवेदन में भी एसडीओपी गोटेगांव द्वारा निष्पक्ष जाँच न करते हुए बेटे की मौत के दुर्घटना बीमा के क्लेम की राशि को लेकर झूठी शिकायत करने के प्रतिवेदन सौंपे जाने पर एक माँ को मानसिक पीड़ा देने का भी आरोप लगाया व इस मामले में एसडीओपी कार्यालय द्वारा की गई जाँच पर सम्बंधित पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई की माँग की गई।

### झूठे मामले मे फसाने का अंदेशा

पीड़ति मां द्वारा आवेदन देते हुये यह भी बताया कि उक्त विवाद के चलते यह सन्देह भी है कि उसे व उसके बेटों को पुलिस की मिलीभगत से झूठे मामलों में भी फंसाया जा सकता है, उसके बेटों के काम धंधे को प्रभावित कर उनके परिवार को आर्थिक व मानसिक रूप से भी परेशान किये जाने की कोशिशें की जा रही हैं। बीते 14 जनवरी 2025 को उसके छोटे बेटे नीलेश साहू के साथ ग्राम बेदु में दूध की उधारी के पैसे मांगने पर बेरहमी से मारपीट की गई,जिसका प्रकरण थाना ठेमी के अंतर्गत दर्ज किया गया है। पीड़ति परिवार को परेशान करने का कार्य किया जा रहा है। वही गत दिवस मृतक के भाई द्वारा पुलिस मुख्यालय में भी शिकायती आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

# विशेष विवाह में युवक ने विधवा के साथ किया विवाह



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी नरसिंहपुर श्रीमती अंजली शाह के द्वारा जबलपुर निवासी विधवा बेटी स्नेहा वावरिया व खुर्सीपार निवासी नीरज राय को विवाह प्रमाणपत्र जारी किया। गाडरवारा तहसील के अंतर्गत ग्राम खुर्सीपार के अविवाहित युवक नीरज राय पिता कैलाश राय ने जबलपुर निवासी स्नेहा बाबरिया जिनके पति अभिषेक का आकस्मिक स्वर्गवास हो गया था तब से वह अपने 6 वर्षीय बेटे अयांश के साथ विधवा जीवन गुजार रही थीं उसके साथ विधिवत रूप से दोनों परिवारों की सहमति से विवाह किया विशेष विवाह अधिकारी अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह ने नीरज राय व स्नेहा बाबरिया को विवाह पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करते हुए वर वधु को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं, गौरतलब है कि वर्तमान दौर में जहां विवाह को लेकर अनेक कुरीतियां व अनावश्यक दान दहेज की मांग बढ़ती जा रही हैं ऐसे में एक अविवाहित युवक ने एक विधवा के साथ विवाह कर उसे व उसके बेटे को अपनाकर एक नये अध्याय की शुरुआत की जो मिसाल दी है वह काफी सराहनीय है। उक्त विवाह में दोनों परिवारों के बीच समन्वय हेतु खुर्सीपार की आशा कार्यकर्ता श्रीमती धनवती दुबे का विशेष योगदान रहा व न्यायालय अपर कलेक्टर के समक्ष विधि सम्मत कार्यवाही एडवोकेट नीलाम्बर सिंह पटैल के द्वारा की गई इस अवसर पर युवक युवती के पिता व परिवारजन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेट्स एवं यातायात पुलिस ने निकाली जागरूकता रैली



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

परवाह थीम के अंतर्गत राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान एनसीसी कैडेट एवं यातायात पुलिस द्वारा शहर के स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर से विभिन्न मार्गो से होते हुए पैदल रैली निकालकर यातायात के नियमों को पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। गौरतलब है कि शहर में सुव्यवस्थित एवं सुलभ आवागमन हेतु यातायात पुलिस द्वारा अनेक अभियान चलाकर पूर्व में भी लोगों को यातायात के नियमों से अवगत कराया जाता रहा है जिससे यातायात के नियमों के पालन हेतु आम जनता में जागरूकता का संदेश दिया गया है और यह राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक लगातार चलाया जाएगा।

### व्याख्यानमाला का आयोजन आज

**नरसिंहपुर।** गायत्री शक्तिपीठ द्वारा पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य स्मृति व्याख्यान माला 22 जनवरी को दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक गायत्री शक्तिपीठ नरसिंहपुर में होगी। गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट के अनुसार व्याख्यान माला के प्रमुख वक्ता डॉ. अनंत दुबे, अध्यक्षता सुनील कोठारी, विशिष्ट अतिथि अजय नागपुरे, प्रेरक डॉ. रामसनेही शर्मा मौजूद रहेंगे। व्याख्यान माला में उपस्थित की अपील की गई है।

### ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा आज से

**नरसिंहपुर।** जिले के शासकीय विद्यालय में प्राथमिक की कक्षा दूसरी से आठवीं तक के छात्र छात्राओं की 22 व 23 जनवरी 2025 को ओलंपियाड परीक्षा आयोजित की गई है जिसमें जिले के 3328 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। जिला परियोजना समन्वय डॉ आर पी चतुर्वेदी द्वारा समस्त परीक्षा केंद्र पर परीक्षा केंद्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों , समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी समस्त विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक विकासखंड स्तर पर जनपद शिक्षा केंद्र पर कंट्रोल रूम बनाकर प्रतियोगिता के आयोजन में छात्र-छात्राओं के आने जाने से लेकर

# आनंद उत्सव में विधायक ने पुरस्कार किये वितरित



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार नागरिकों की जिंदगी में आनंद का संचार करने के लिए आनंद उत्सव का आयोजन 28 जनवरी तक मनाया जायेगा। इसका उद्देश्य नागरिकों में सहभागिता एवं उत्सव को बढ़ाने के लिए समूह स्तर पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाना हैं। इसी क्रम में विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल की अध्यक्षता में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा में आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आनंद उत्सव कार्यक्रम में नागरिकों, विद्यार्थियों, बच्चों और वरिष्ठ जनों ने अपनी भागीदारी निभाई। इस दौरान विधायक श्री पटेल ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व भाग लेने वाले प्रतिभागियों को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीईओ जनपद संजीव गोस्वामी, अन्य जनप्रतिनिधि, स्कूल का स्टाफ और मैदानी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# ठेमी थाना क्षेत्र अंतर्गत की गई चालानी कार्रवाई



**गोटेगांव**-तहसील के अंतर्गत थाना ठेमी क्षेत्र में नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक निदेशन में ज़िले के सभी थानों में यातायात अभियान चलाया जा रहा है जिसके चलते ठेमी थाना प्रभारी प्रियंका केवट के द्वारा पुलिस टीम के साथ मिलकर क्षेत्र के करकबेल,बौछार गांव में अभियान चलाया गया।यातायात व्यवस्था में सुधार एवं सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विगत दिवस विशेष अभियान चलाया गया जिसके तहत यातायात नियमों के प्रति आमजनों को जागरूक भी किया गया एंव नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों के ऊपर चालानी काटे गए वहीं बिना नंबर प्लेट की गाड़ी और तीन सवारी की चालानी कार्रवाई की गई।

# जन शिक्षण केंद्र स्तर पर शैक्षिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन

गोटेगांव



विकासखंड गोटेगांव के समस्त जन शिक्षा केंद्रों में शासकीय शालाओं में कक्षा 6 से 8 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए विकासखंड गोटेगांव के जन शिक्षण केंद्र बगासपुर की एकीकृत माध्यमिक शाला बगासपुर में शैक्षिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के बीच शैक्षिक संवाद को बढ़ावा देना और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करना था।कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थ बागडे ने अवलोकन और निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक संवाद से अध्ययन और अध्यापन कार्य में मदद मिलेगी। इस शैक्षिक संवाद कार्यक्रम जन शिक्षा केंद्र प्रभारी रंजीत पिपरोलिया प्रभारी जन शिक्षक प्रकाश राकेसिया शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला चंदलोन, शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला श्रीनगर,शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला बगासपुर और शासकीय माध्यमिक शाला झोत के शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# हेमंत पटेल का एमपी-पीएससी 2022 में चयन



गोटेगांव

समीपवर्ती रमखिरिया (सरसला) नरसिंहपुर निवासी हेमंत पटेल पिता रामशरण पटेल, ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) 2022 परीक्षा में सफलता प्राप्त कर मध्यप्रदेश अधीनस्थ लेखा सेवा में स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि ने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर गोटेगांव सहयोग क्रीड़ा मंडल एवं मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा नेता सुभाषचंद्र मिनी स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित प्रो कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान हेमंत पटेल को सम्मानित किया गया। पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने हेमंत को प्रशस्ति पत्र भेंटकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।जालम सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि हेमंत की यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम समीर है, आधार कार्ड एवं समग्र आईडी में भी समीर दर्ज है है जबकि पूर्व में जारी जन्म प्रमाण पत्र में, उसका नाम शेख समीर एवं माता का नाम सलमा बी तथा पिता का नाम पप्पू शेख दर्ज है। आधार कार्ड के आधार पर उसके नये जन्म प्रमाण पत्र में समीर एवं माता का नाम सलमा बी तथा पिता का नाम शेख हुसैन दर्ज किया जावे तथा उसका नाम समीर पढा एवं लिखा जाये। नये जन्म प्रमाण पत्र में जारी करने हेतु शपथ पत्र पेश है।

शेख हुसैन
ग्राम भुगवारा जिला-नरसिंहपुर, (म.प्र.)
मो. नं.-9131032112